हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 रसोइयों के सम्मान में शिक्षकों ने सामग्री ...



12 विघ्नहर्ता गणपति का विसर्जन धूमधाम ...





## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार



बलौदाबाजार। बलौदाबाजार पुलिस की 'समाधान सेल' हेल्पलाइन नंबर के जरिए आपराधिक गतिविधियों की जानकारी मिलने से पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में, सेल को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 6 सितंबर 2025 को रायपुर रोड ऑडिटोरियम के पास जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए जुआरियों, त्रिलोकीनाथ साहू, खोभराम साहू और धर्मेंद्र गायकवाड़ के पास से 1500 रुपये नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए हैं। इन तीनों के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में जुआ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि 'समाधान सेल' हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आपराधिक गतिविधियों की सूचना दे सकता है। इस पहल का उद्देश्य लोगों की शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में सिटी कोतवाली आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को टिकेश्वर साहू ने बताया कि 8 अगस्त को वह अपने काम में एचडीएफसी बैंक महासमुंद आया था और बैंक के काम से अपनी बाईक से ग्राम परसदा जा रहा था, सुबह करीब 10 से 10.30 बजे के मध्य खट्टी से परसदा जाने वाले रोड तालाब के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीआर 0757 के चालक ने टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसके चलते उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया।

### पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**महासमुंद।** पिकअप की टक्कर से एक बुजुर्ग के घायल होने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अमेरा निवासी चमारराय और नरसिंग निषाद सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 4894 से अमेरा से लमकेनी जाने के लिए निकले थे। कोमाखान चौखड़ी ग्राम बंसुलाडबरी रोड पर पहुंचे थे, तभी बंसुलाडबरी की ओर से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 जीवाय 6345 के चालक ने अपने वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाकर सुपर एक्सल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# भतीजे ने दोस्त के साथ मिलकर चाचा की हत्या की, गुस्सैल स्वभाव बना मौत की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

बीते 4 सितंबर को कसडोल थाना पुलिस को ग्राम मोतीपुर गौठान के पास जोंक नदी में एक अज्ञात पुरुष का शव मिला। शव के दोनों हाथ बंधे हुए थे और गर्दन व कंधे पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। पुलिस ने इसे हत्या का मामला मानते हुए जांच शुरू की और 24 घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में मृतक की पहचान ग्राम पिसीद निवासी शिवप्रसाद साहू (36) के रूप में हुई। पुलिस को मुखबिरों से पता चला कि शिवप्रसाद का भतीजा डिगेश साहू और ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 24 घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार



### शराब पिलाकर दिया वारदात को अंजाम

योजना के मुताबिक, 1 सितंबर 2025 को डिगेश और आकाश ने शिवप्रसाद को मोटरसाइकिल पर बैठाकर जोंक नदी के किनारे ले गए। वहां उन्होंने उसे शराब पिलाई और जब वह नशे में आ गया, तो धारदार चाकू और टंगिया से उस पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद, उन्होंने शव को नदी किनारे रेत में दबा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों डिगेश साहू (19) और आकाश निर्मलकर (20) को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

### नहाने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत



पलारी। पलारी के पास ग्राम बिनौरी में एक दुखद घटना में तालाब में डूबने से एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक कपिल कुमार (21) रविवार की सुबह करीब 7 बजे अपने कुछ दोस्तों के साथ बिनौरी के नयापारा तालाब में नहाने गया था। बताया गया है कि कपिल ने एक बार डुबकी लगाने के बाद साबुन लगाकर दूसरी डुबकी लगाई और फिर बाहर नहीं ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 50-60 लोगों ने लाठी-डंडों के साथ दर्जनों मवेशियों को उनके गांव की ओर खदेड़ा

# सोनारदेवरी व धौराभाठा में मवेशी विवाद मामले पर हुई हिंसक झड़प, तनाव कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में आवारा मवेशियों की समस्या अब किसानों के बीच हिंसक झड़पों का कारण बन रही है। बलौदाबाजार जिले के पलारी जनपद के ग्राम सोनारदेवरी और उसके आश्रित गांव धौराभाठा में मवेशियों को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। धौराभाठा के ग्रामीणों का आरोप है कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे सोनारदेवरी के 50-60 लोगों ने लाठी-डंडों के साथ दर्जनों मवेशियों को उनके गांव की ओर खदेड़ा। इसी दौरान, सोनारदेवरी और धौराभाठा के एक युवक मोहन खुटे के बीच कहासुनी हो गई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। भीड़ ने मोहन पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने मोहन को तुरंत लवन अस्पताल पहुँचाया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सोनारदेवरी के ग्रामीणों ने भी थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।



### प्रशासन ने की हस्तक्षेप की कोशिश

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार पेखन टोंड्रे, थाना प्रभारी अमित पाटले और जनपद सीईओ पन्नालाल धुर्वे सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोनों गांवों के बीच रातभर चली बैठक में शांति बनाए रखने की अपील की गई। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने कागजी समझौता तो करवा दिया है, लेकिन उनके मन में आक्रोश और अविश्वास अभी भी कायम है।






### मवेशियों पर अत्याचार के आरोप

धौराभाठा के ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने आरोप लगाया कि सोनारदेवरी के लोग मवेशियों के साथ मारपीट करते हैं, जिससे कई जानवरों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने दावा किया कि एक ही दिन में 15 से अधिक मृत मवेशी मिले हैं, जिन्हें सड़क किनारे गड्ढा खोदकर दबा दिया गया था। उन्होंने प्रशासन से इस मामले की जांच के लिए खुदाई करने की मांग भी की है। यह घटना किसानों की लाचारी और मूक जानवरों की दुर्दशा को दर्शाती है। आवारा मवेशियों की समस्या का समाधान न होने से किसानों और पशुओं दोनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। गौशालाओं की कमी और उचित मुआवजे जैसी ठोस नीतियों की कमी इस समस्या को और गंभीर बना रही है।

## खरोरा कॉलेज में रजत जयंती पर जागरूकता रैली



**खरोरा।** स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 साल पूरे होने पर रजत जयंती महोत्सव के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर रैली निकाली। उन्होंने पर्यावरण, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, शिक्षा, कला, संस्कृति और सिंगल-यूज प्लास्टिक मुक्त जैसे विषयों पर संदेश दिया। रैली का मुख्य उद्देश्य एक स्वस्थ, समृद्ध, वैभवशाली और सशक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम अधिकारी ने युवाओं से अपील की कि वे विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आर.के. साहू और सभी प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा



**पलारी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गिर्रा में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को रचनात्मक और सृजनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को ड्राइंग शीट, रंगीन पेपर, स्केच पेन और वॉटर कलर जैसी सहायक शिक्षण सामग्री वितरित की। विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक डीकेश कुमार चंद्राकर ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. राधाकृष्णन ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कसडोल रोड पर ओवरटेक करने वाले कैप्सूल ट्रकों से दुर्घटना का खतरा



**मुंडा।** बलौदाबाजार जिले में कसडोल तक चलने वाले सिंगल रोड पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। यहां से गुजरने वाली कंपनियों के कैप्सूल ट्रक अक्सर ओवरटेक करते हैं, जिससे छोटे वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती। लाहौद बाईपास से कसडोल तक की सड़क पर अक्सर तीन-तीन कैप्सूल ट्रक एक साथ चलते हैं। एंट्री लेने की जल्दी में ये ट्रक तेज रफ्तार से ओवरटेक करते हैं। इससे सामने से आ रहे या पीछे चल रहे छोटे वाहनों के लिए सड़क पर जगह नहीं बचती, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन भारी वाहनों की लापरवाही से आम लोगों की जान खतरे में है।

## 15 होटल, ढाबा और चखना सेंटरों पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत होटल, ढाबा और चखना सेंटर संचालकों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देश पर 6 सितंबर, 2025 को कुल 15 आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने सिटी कोतवाली, सिमगा, भाटापारा शहर, सुहेला और करहीबाजार चौकी क्षेत्र में देर शाम तक छापामारी की। यह कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ की गई जो शराब भट्ठी के पास अवैध चखना सेंटर चला रहे थे, ढाबों और होटलों में लोगों को शराब पीने की सुविधा दे रहे थे, या सार्वजनिक जगहों पर बैठकर शराब पी रहे थे। पुलिस ने कुल 15 आरोपियों को



गिरफ्तार किया है, जिनमें दिलदार खान, आशुतोष पटेल, खिलावन, पुनीत बंजारे, आशुतोष कन्नौजे, दिलीप साहू, मनीष देवांगन, सूर्योदय बांधे, सोमनाथ ध्रुव, पोषण फेकर, अमित टंडन, कमलेश पैकरा, गणेश रजक, पुनीत वर्मा और जगत सिंह कौशल शामिल हैं। यह अभियान अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए चलाया जा रहा है।

## जिले में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बलौदाबाजार के पं. चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल खेल मैदान में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में कुल 15 शिक्षकों को शिक्षादूत और 3 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार से नवाजा गया। इनके अलावा, 14 उत्कृष्ट शिक्षक और 25 नवाचारी कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इन सभी शिक्षकों को उनके योगदान के लिए शॉल, श्रीफल, प्रमाण पत्र और नकद राशि देकर सराहना की गई।

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया

### शिक्षिका भारती वर्मा सम्मानित

इस कार्यक्रम में सिमगा विकासखंड की शिक्षिका भारती वर्मा को भी उनके नवाचारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। भारती वर्मा को पिछले वर्षों में 'अंगना म शिक्षा', 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', 'खेल खिलौना आधारित शिक्षा' और 'जादुई पिटारा' जैसे कार्यक्रमों के जिला नोडल के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यह सम्मान मिला। उन्होंने इस सम्मान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारियों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया

# टोली बना के बूथ स्तर पर सफाई कर पौधा रोपण करें : नवीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार भाटापारा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा हेतु जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम सामूहिक जिम्मेदारी में करना है जिसमें समाज के हर वर्ग और पार्टी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की भागीदारी हो इस हेतु प्रयास करना है। वरिष्ठ जनों का सम्मान हो इस तरह भाव होना चाहिए, हम सभी संस्कारित और अनुशासित पार्टी के सदस्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस पूरे उत्साह





और हर्षोल्लास से मनाना है, सेवा के कार्य संपन्न करना है।

जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिन से 02 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस हेतु आगामी 10-12 सितंबर को मण्डल मुख्यालय में कार्यशाला आयोजित किया जाएगा।

मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा नवीन मारकण्डेय ने कहा कि जैसे कोरोना काल में भाजपा के लोगों ने सेवा की उसी तरह सभी जगह टोली बना के बूथ स्तर पर सफाई कर वृक्षारोपण करें, सभी लोगों को सफाई के माध्यम से जोड़े । 25 सितम्बर को दीनदयाल जी के जन्मदिन पर अंतिमपंक्ति के व्यक्ति तक की समस्या को दूर करना है। प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा राम गर्ग ने कहा रक्तदान शिविर करना एवं ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पीएम मोदे के नेतृत्व में भारत का नाम ऊंचाई छू रहा

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने सभा संबोधन में कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को जिम्मेदारी पूर्वक सम्पन्न करना हम सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण दायित्व है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर श्रद्धेय महात्मा गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म जयंती तक यह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। प्रत्येक वार्ड एवं गांव में सेवा का कार्यक्रम हो यह सुनिश्चित करना है। टंकराम वर्मा (कैबिनेट मंत्री) ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है जो देश में सशक्त और सक्षम नेतृत्व यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में हमें मिला है, आज विश्व में भारत का नाम उनके नेतृत्व में ऊंचाई छू रहा है, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान नमो पार्क बनाने की दिशा में काम करेंगे। जिला के सभी मंडलों में सेवा पखवाड़ा मंडल कार्यशाला हेतु प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

## कसडोल के प्रेम साहू ने राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया



**कसडोल।** बीते 3 से 6 सितंबर तक बलौदाबाजार में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, कसडोल के सातवीं कक्षा के छात्र प्रेम साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रेम ने रग्बी अंडर-14 लड़कों की श्रेणी में रायपुर ज़ोन का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में प्रेम की टीम ने दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। प्रेम की यह उपलब्धि ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### गणेश मंदिर में बप्पा को 51 किलो लड्डू का महाभोग

**रायपुर।** श्रीगणेश मंदिर बूढ़ापारा में रविवार को शाम 6 बजे भगवान गणेश को 51 किलो लड्डू का महाभोग लगाया गया। भाजपा नेता राकेश राज की तरफ से यह महाभोग रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, प्रदीप चंद्राकर, नागेंद्र पांडे, पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम देवांगन, सुनील सोनकर, हरीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मौके पर उपस्थित रहे।

### जुलूसे मोहम्मदी का किया स्वागत



**रायपुर।** मुस्लिम समाज द्वारा शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी पर धूमधाम से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने जूलूस का स्वागत किया। यह स्वागत मोर्चा जिला के अध्यक्ष अब्दुल नासिर खान के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विधायक पुरंदर मिश्रा, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छग राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के अध्यक्ष केदार गुप्ता, सीएसडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, पार्षद अवतार बागल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, मख्मूर खान, नजमा अजीम, मिर्जा साजिद पठान, असगर अली, ताहिर राजा, रेहाना खान, आमिर बेग, हाफिज भाई, शेख निजाम, इसराइल खान, इसराइल शेख, आरिफ नियाजी, शेख महमूद राजा, इम्तियाज खान, याकूब गनी, आरिफ खान, फरहा नाज, आसिया बेगम आदि शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर में बढ़ाया उड़िया समाज का मान

**रायपुर।** नुआखाई के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा देशवासियों को दी गई शुभकामनाओं के लिए समस्त उड़िया समाज में हर्ष है। यह एक ऐतिहासिक क्षण रहा है, क्योंकि मोदीजी देश के पहले राष्ट्रीय नेता हैं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व पर राष्ट्रीय स्तर पर शुभकामनाएं प्रेषित कर समाज का मान, सम्मान और गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि उड़िया समाज एक गरीब, मेहनतकश और संघर्षशील समाज है। हमारे सबसे बड़े महापर्व नुआखाई पर देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होना हमारे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। इससे हमारे समाज का मान-सम्मान पूरे राष्ट्र में और बढ़ा है। देश के करोड़ों उड़िया समाज के लोग इसके लिए मोदीजी और शाहजी के अत्यंत आभारी हैं। इस और स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए समाज ने एकमत से यह निर्णय लिया है कि जब भी प्रधानमंत्रीजी भविष्य में छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आएंगे।

# चांदी के जेवरों में भी हॉलमार्किंग होगी जरूरी, होंगे छह डिजिट

**चांदी में भी सोने की तरह शुद्धता की आधा दर्जन श्रेणियां रखे जाने की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने के जेवरों के बाद अब जल्द ही चांदी के भी जेवरों में हॉलमार्किंग की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसको लेकर बीते माह ही भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश जारी किया है कि चांदी में अब 6 डिजिट वाली एचयूआईडी हॉलमार्किंग लागू होगी और यही हॉलमार्क वाले चांदी के गहनों की खरीदी बिक्री होगी। माना जा रहा है कि यह अगले माह से लागू हो सकता है, लेकिन इसी के साथ पुराने चांदी के जेवरों के स्टॉक को समाप्त करने के लिए भी समय दिया जाएगा। इसके बाद पुरानी प्रक्रिया पर रोक लग जाएगी। बाजार में व्यापारी व ग्राहक को इससे फायदा ये होगा कि शुद्धता का प्रमाण तय होगा, धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा, विश्वास मजबूत होगा और अंतरराष्ट्रीय मान्यता रहेगी। चांदी के जेवरों में भी सोने की तरह छह श्रेणियां 83.5 से 99 फीसदी शुद्धता की रखे जाने की संभावना है।

खास खबर



### सोने में भी आधा दर्जन श्रेणियां

उल्लेखनीय है सोने में 14,18,20,22,23 व 24 कैरट के गहने हॉलमार्क वाले ही बिका करते थे अब बीआईएस ने 9 कैरेट वाले सोने को भी इस ग्रेड में ला दिया है। हालांकि पहले यह जरूरी नहीं था। अब सोने व चांदी के गहनों में हॉलमार्क लागू हो जाने से शुद्धता पूरी तरह से प्रमाणित होगी। संभावित धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू का कहना है, इससे जहां चांदी के गहनों की शुद्धता प्रमाणित होगी वहीं फर्जीवाड़ा पर भी रोक लगेगी। इसमें ग्राहक बीआईएस के केयर ऐप में हॉलमार्क का डिजिट अपलोड कर आसानी से शुद्धता परख सकेंगे। जैसा कि बीआईएस की ओर से बताया गया है कि 6 ग्रेड चांदी ज्वेलरी पर लागू होगा हालमार्क। उससे ऐसा अनुमान है कि 83.50, 80.00, 90.00,92.50,97.00 और 99.00 फीसदी शुद्धता का ग्रेड लागू होगा। वैसे तो चांदी में हॉलमार्क लागू है लेकिन यह नई प्रक्रिया अब जल्द ही लागू हो जाएगी। हॉलमार्क एक प्रमाणन चिंह है जो सोने और चांदी के गहनों की शुद्धता को प्रमाणित करता है। जो यह सुनिश्चित करता है कि उक्त गहने बीआईएस द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। जिसे आप कहीं पर भी आसानी से खरीदी-बिक्री कर सकते हैं।

**हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं बना मजाक, अब 'इसकी टोपी, उसका सिर' से चल रहा अभियान**

# हेलमेट जुगाड़ में उलझ रहे बाइक सवार, किराए में 10 रुपए का हेलमेट लेकर डलवा रहे पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड़क हादसों को रोकने के लिए पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन द्वारा शुरू किया गया हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं अभियान अब मजाक बनता जा रहा है। यह अभियान अब ''इसकी टोपी, उसका सिर'' मुहावरे में बदल गया है। पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे करीब 80 प्रतिशत लोगों के पास खुद का हेलमेट नहीं होता, ऐसे में जो व्यक्ति हेलमेट लेकर आता है, कई लोग उसी का हेलमेट बारी-बारी से पहनकर पेट्रोल डलवा रहे हैं। अभियान का मकसद लोगों में हेलमेट पहनने की आदत डालना था, लेकिन हकीकत में यह सिर्फ पेट्रोल डलवाने की औपचारिकता बनकर रह गया है।

हरिभूमि की पड़ताल में शहर के दर्जनों पेट्रोल पंपों पर अलग-अलग स्थिति देखने को मिली। कुछ पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल मिल रहा है, वहीं कुछ स्थानों पर सख्ती से हेलमेट पहनने पर ही पेट्रोल दिया जा रहा है। कई पंप संचालकों ने खुद ही हेलमेट रख दिए हैं, जिसे ग्राहक पहनकर पेट्रोल डलवा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ पंपों के बाहर अब हेलमेट किराए पर देने की दुकानें भी सज गई हैं। ग्राहक 10 रुपए किराए पर हेलमेट लेकर पेट्रोल डलवा रहे हैं। इस वजह से अब पेट्रोल डलवाना भी लोगों के लिए 10 रुपए महंगा हो गया है।



### पेट्रोल डलाना हो गया महंगा

अभियान अब बाइक सवारों के लिए नया सिरदर्द बन गया है। जिनके पास हेलमेट नहीं है, उनके लिए पेट्रोल डलवाना न सिर्फ मुश्किल बल्कि महंगा भी हो गया है।जल्दबाजी में पेट्रोल भरवाकर निकलने वाले लोगों को अब पंप पर समय और पैसे दोनों खर्च करने पड़ रहे हैं। शहर के कई पंपों के बाहर 10 रुपए किराए में हेलमेट मिलने लगे हैं। लोग मजबूरी में इन्हें पहनकर पेट्रोल भरवा रहे हैं ताकि समय बच सके। नियम का मकसद लोगों को हेलमेट पहनने की आदत डालना था, लेकिन हकीकत में यह 'हेलमेट जुगाड़' और पेट्रोल महंगा अभियान बनकर रह गया है।



**केस 1**

### शंकर नगर पेट्रोल पंप

यहां रोजाना करीब हजार लोग पेट्रोल भरवाने पहुंचते हैं। पंप के बाहर ही लोगों को किराए पर हेलमेट दिया जा रहा है। लकड़ी के बॉक्स में दो हेलमेट रखे गए हैं, जिनका उपयोग बिना हेलमेट पहुंचे लोग बारी-बारी से कर रहे हैं। शहर में ऐसी स्थिति उन्हीं पेट्रोल पंपों पर बन रही है, जहां एक साथ बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल डलवाने पहुंचते हैं।

**केस 2**

### जयस्तंभ चौक

यह पेट्रोल पंप हमेशा व्यस्त रहता है। एक समय में आधा दर्जन से ज्यादा लोग पेट्रोल भरवाने पहुंचते हैं। यहां पंप संचालक खुद ग्राहकों को हेलमेट उपलब्ध कराते हैं और उसे पहनाकर पेट्रोल भरने की अनुमति देते हैं। जिनके पास हेलमेट नहीं होता, उनके लिए यह सहूलियत बन गई है, लेकिन इससे 'हेलमेट जरूरी' का नियम पूरी तरह बेअसर हो चुका है।

**केस 3**

### पुजारी पार्क

इस पंप पर एक ही हेलमेट से सभी लोग पेट्रोल भरवा रहे हैं। शनिवार को यहां कुछ ग्राहकों को बिना हेलमेट के भी पेट्रोल लेते देखा गया, जबकि ज्यादातर लोग एक-दूसरे से हेलमेट मांगकर ही पेट्रोल डलवाते रहे। इस वजह से पेट्रोल भरवाने में औसतन 5 मिनट से ज्यादा का समय लग रहा था।

# पूर्व सीएम के बेटे की न्यायिक रिमांड 15 तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल की शनिवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुनवाई हुई। सुनवाई में पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की न्यायिक रिमांड की अवधि 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। मामले की सुनवाई ईडी की विशेष अदालत में हुई। 15 सितंबर को ईडी चैतन्य बघेल के खिलाफ कोर्ट में पूरक चालान पेश कर सकती है।

- वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हुई सुनवाई

ईडी ने चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वे जेल में बंद हैं। ईडी का आरोप है कि शराब घोटाले की रकम से चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले। एजेंसी के दावों के मुताबिक शराब घोटाले से मिली ब्लैक मनी को चैतन्य ने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में निवेश किया। रकम को व्हाइट दिखाने के लिए फर्जी निवेश दर्शाया गया। ईडी का दावा है कि सिंडिकेट के जरिए 1000 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी की गई है। ईडी ने बताया कि चैतन्य बघेल की कंपनी विट्ठल ग्रीन प्रोजेक्ट (बघेल डेवलपर्स) में भी घोटाले के पैसे का इस्तेमाल हुआ। इस प्रोजेक्ट के कंसल्टेंट राजेन्द्र जैन के मुताबिक प्रोजेक्ट पर असल खर्च 13 से 15 करोड़ था, लेकिन रिकार्ड में सिर्फ 7.14 करोड़ दर्शाए गए। इसके अलावा जब्त डिजिटल डिवाइस से खुलासा हुआ कि कंपनी ने एक ठेकेदार को 4.2 करोड़ नकद पेमेंट किया, जो आधिकारिक रिकार्ड में दर्ज नहीं है।

### 40 करोड़ की संपत्ति कुर्की के बाद मोक्षित की कार अटैच

**रायपुर।** रीएजेंट तथा उपकरण घोटाला में ईडी ने मोक्षित कार्पोरेशन की दो लक्जरी कार अटैच की है। इस बात की जानकारी ईडी ने एक्स में ट्विट कर दी है। दोनों गाड़ियां मोक्षित कॉर्पोरेशन के नाम पर रजिस्टर्ड हैं, जो शशांक चोपड़ा और उसके पिता शांतिलाल चोपड़ा की पार्टनरशिप फर्म है। शनिवार को ईडी ने बयान जारी कर बताया कि 28 अगस्त को दुर्ग में रीएजेंट प्रिक्योरमेंट स्कैम से जुड़े शशांक चोपड़ा और अन्य आरोपियों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद उनकी गाड़ियों को सीज किया गया।



कार अटैचमेंट की कार्रवाई के बाद माना जा रहा है कि जल्द ही हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों पर ईडी जल्द ही शिकंजा कसेगी। ईडी ने ईओडब्लू, एसीबी की एफआईआर के आधार पर मोक्षित कोर्पोरेशन में छापे की कार्रवाई की थी। एफआईआर में मोक्षित कॉर्पोरेशन के अलावा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड और डायरेक्टरेट ऑफ हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों पर आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज है। इसके पूर्व ईडी ने मोक्षित कार्पोरेशन की 40 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। तब टोयोटा तथा फॉर्च्यूनर जब्त की गई थीं। ईडी ने अभी पोर्शे तथा मर्सिडीज कार जब्त की है।

# पुलिस का दावा: तुमगांव में न शराब का अवैध कारोबार, न होता देह व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव में जारी अवैध व्यापार के खिलाफ आवाज उठाने वाले नपं अध्यक्ष को ही कथित झूठे आरोपों में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सप्ताह भर से जारी घटनाक्रम के बाद रविवार को नागरिकों ने पुलिस के उस दावे की भी कलई खोल कर रख दी जिसमें कहा गया था कि अवैध शराब बिक्री और देह व्यापार पर पुलिस का पूरा नियंत्रण है और अब यह अवैध कार्य यहां नहीं होते।

रविवार को नागरिकों ने एक मकान में संचालित अवैध गतिविधियों पर धरपकड़ की कार्रवाई की और पुलिस को सौंपा। अनिता नामक महिला के मकान से रायपुर, धमतरी, अंबिकापुर और मुंबई की महिलाओं को पकड़ा जिनकी उम्र 25 से 48 वर्ष के बीच है और देह व्यापार के संदेह में पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान इलाके में काफी भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय स्वयं तुमगांव थाना पहुंची और महिलाओं से पूछताछ की।

नागरिकों की मानें तो यह वही मकान है, जहां कुछ समय पहले नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू पर छेड़छाड़ किए जाने के आरोप में जुर्म दर्ज किया गया था। अब उसी मकान में देह व्यापार जैसी संदिग्ध गतिविधियों के उजागर होने से चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष की पत्नी राधा साहू ने बताया कि एन एच 53 के किनारे काफी समय से अनैतिक कार्य संचालित है। इसी कड़ी मे सूचना मिली कि यहां कुछ महिलाएं आई हैं। जिसके बाद उसके बाद पार्षद और अन्य नागरिकों के साथ वहां पहुंचने पर 4 महिलाएं मिली।



### इसी मकान को क्यों ठिकाना बनाती हैं बाहरी महिलाएं?

सूत्र बताते हैं कि यह मकान अनिता ढीढी का है, जिस पर पहले भी देह व्यापार में संलिप्तता के आरोप लग चुके हैं और जिसे पुलिस पहले भी गिरफ्तार भी किया जा चुका है। स्थानीय लोगों के सवाल हैं कि अलग-अलग जिलों और शहरों से महिलाएं बार-बार इसी मकान में क्यों पहुंचती हैं।

**ड्रग मामले में गिरफ्तार आरोपी 15 सितंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल**

# एमडीएमए मामले में विधि के साथ नव्या पार्टी अटैंड करने विदेश जाती रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमडीएमए ड्रग मामले में गिरफ्तार नव्या मलिक, ऋषि राज टंडन के साथ जेल से पूछताछ करने रिमांड पर लिए गए हर्ष आहूजा, मोनू विश्नोई को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 15 सितंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस की एक स्पेशल टीम जांच कर रही है। आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस आने वाले दिनों में ड्रग रैकेट से जुड़े पैडलर के साथ ड्रग आपूर्ति करने वालों को गिरफ्तार करेगी।

- इंटीरियर, इवेंट के नाम पर नव्या, विधि क्लाइंट के साथ अक्सर विदेश जाती रही हैं

पुलिस जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक नव्या, विधि तथा ऋषि राज कई बार विदेश यात्रा कर चुके हैं। आरेपियों ने किस उद्देश्य से विदेश यात्रा की है, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। नव्या, विधि तथा ऋषि राज ने विदेश यात्रा का कारण कारोबार से होना बताया है। विदेश यात्रा को लेकर आरोपियों ने जो कारण बताया है, पुलिस उस पर शंका व्यक्त कर रही है। पुलिस को आरोपियों के इंटरनेशनल ड्रग रैकेट से जुड़े होने की आशंका है।


ड्रग कारोबार करने नव्या जिस मोबाइल का इस्तेमाल करती थी, वह पुलिस के हाथ लगा
मेंबर बनाने भराए जाते थे ऑनलाइन फार्म
दुबई, सिंगापुर की पार्टियों में शरीक रही नव्या

### नेता पुत्र के साथ तुर्किए की सैर

राजधानी के एक नेता का बेटा जो पेशे से कारोबारी है, उसके साथ नव्या मलिक के तुर्किए जाने की जानकारी मिली है। नेता पुत्र के साथ नव्या किस उद्देश्य से तुर्किए गई थी, इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। नव्या के नेता पुत्र के साथ कई बार विदेश जाने की जानकारी मिली है। ड्रग मामले में कई हाई प्रोफाइल लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। इस वजह से पुलिस पर दबाव बनाए जाने की जानकारी मिली है।

### सबका काम बंटा हुआ था

पुलिस के अनुसार ड्रग रैकेट से जुड़े सभी लोगों का काम बंटा हुआ था। ऋषि राज पेशे से ई-वेस्ट मैनेजमेंट का काम करता था। वह ज्यादातर समय मुंबई में रहता था। बताया जा रहा है, मुंबई में रहने के दौरान ऋषि राज नव्या के संपर्क में आया। पुलिस ने ऋषि राज को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक हर्ष विधि तथा नव्या को ड्रग कस्टमर के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराता था।

### क्राइम के साथ ईओडब्लू, एसीबी शामिल

ड्रग मामले को आईजी अमरेश मिश्रा ने गंभीरता से लेते हुए ड्रग नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के निर्देश देने के साथ उनकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक ड्रग मामले की जांच में क्राइम के साथ ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम को भी शामिल किया गया है। ड्रग रैकेट से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम के साथ ईओडब्लू तथा एसीबी की संयुक्त टीम के दूसरे प्रदेशों में छापा मारने जाने की जानकारी मिली है।

**हितग्राहियों को परेशानी न हो इसलिए किया गया था अटैचमेंट**

# अटैचमेंट के बाद विज्ञापन ही जारी नहीं, एक समिति के पास 3 से अधिक राशन दुकानें, नियम 2 दुकान का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की निलंबित हुई दुकानों को आवंटन करने में नियमों का पालन नहीं किया गया है। पिछले तीन वर्षों में जिले में निलंबित की गई 39 दुकानों को दूसरी समितियों में अटैच किया गया है। इन दुकानों को अटैच हुए कई महीनें बीत चुके हैं। इसके बाद भी इन दुकानों के लिए नियम के तहत आवंटन करने के लिए विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। गौर करने वाली बात यह है कि जिन निलंबित दुकानों को जिन दूसरी समितियों में अटैच किया गया है, उन समितियों को पहले से ही दो तथा उससे अधिक दुकानें आवंटित हैं, जबकि गाइड लाइन में एक समिति को अधिकतम दो दुकान ही आवंटित करने का प्रावधान है।



निलंबित दुकानों के बंद होने से हितग्राहियों को खाद्यान्न मिलने में असुविधा न हो इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने इन दुकानों को तब तक के लिए दूसरी समितियों में अटैच किया था, जब तक इन दुकानों का नियम के तहत आवंटन नहीं किया जाता। इन निलंबित दुकानों को दोबारा आवंटन करने की प्रक्रिया के लिए विभाग विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाता है। इस प्रक्रिया में एक से दो माह का समय लग जाता है, लेकिन जिले में ऐसी कई दुकानें हैं, जिन्हें अटैच किए 6-8 माह से लेकर सालभर से अधिक समय हो चुका है।


### एक ही जगह पर तीन दुकानें संचालित

विभाग के नियम के तहत खाद्यान्न लेने के लिए हितग्राहियों को ज्यादा दूर जाना नहीं पड़े, इसे देखते हुए कई वार्ड में दुकानों की संख्या भी बढ़ाई गई हैं, लेकिन अटैचमेंट की गई कई दुकानें एक ही जगह पर संचालित हो रही हैं। नियम के तहत दुकान वार्ड के अलग-अलग मोहल्ले एवं दूरी में खोली जानी है, लेकिन विभाग की अनदेखी के कारण दो एवं उससे अधिक दुकानें एक ही जगह पर अगल-बगल में ही संचालित हो रही हैं। इसके कारण वार्ड के कई मोहल्लेवासियों को इन दुकानों में आने के लिए लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की बैठक रविवार को राजधानी में आयोजित हुई। इसमें दूरदराज के अंचलों से पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। महासंघ ने अपनी नई प्रदेश कार्यकरिणी का गठन कर दिया है। इस मौके पर पदाधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से खेमूलाल निषाद को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। बैठक में बस्तर, सरगुजा, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, बीजापुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर, जशपुर, सूरजपुर बलरामपुर, रायपुर दुर्ग बिलासपुर राजनांदगांव कवर्धा बालोद धमतरी महासमुंद डोंगरगढ़, सहित अन्य जिलों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित हुए।

प्रदेश कारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष- संजय एडे, शक्लि वेल, सौरभ यादव, प्रदेश महासचिव - शरदराम पोया, प्रदेश उपाध्यक्ष- देवेंद्र ध्रुव ,अजय मेश्राम, मुमताज खान, प्रदेश संयुक्त सचिव- राहुल मेढ़े प्रदेश प्रवक्ता- हिमांशु यदु, प्रदेश कोषाध्यक्ष - महेश श्रीवास्तव व तामेश साहू, प्रदेश सह-सचिव- नरेंद्र साहू, प्रदेश संभाग अध्यक्ष- रायपुर - हीरालाल चौहान, दुर्ग - राहुल मेढ़े, बिलासपुर-कौशलेन्द्र राणा, सरगुजा - शैलेश उपगड़े, प्रदेश मिडिया प्रभारी - दिनेश कश्यप, संजय लहरे, ओम बंजारे रूस्तम, संगठन मंत्री- सुंदर नेताम, चंद्रप्रकाश साहू, मनोज कोसरे संदीप पोया, सचिन दीपक, चंद्रशेखर साहू, विधिक सलाहकार - अजीत कसार को चुना गया।



गठन के बाद महासंघ की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार को अपनी मांग प्रमुख रूप से नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकाय से सीधे न्यूनतम 21,000 वेतन भुगतान तथा 10-15 वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों को स्थायीकरण/ नियमितिकरण की मांगों को रखी गई।

## खबर संक्षेप

### गढ़फुलझर में मेला एवं संत समागम 1 को

**बसना।** संत गुरु घासीदास सेवा संस्थान गड़फुलझर के गढ़ परिसर में मेला एवं संत समागम का आयोजन आगामी 1 दिसंबर को आयोजित करने के विषय में निराला कांप्लेक्स में सभा का आयोजन रखा गया। जिसमें कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव रखा गया। इस बैठक में उपस्थित साधु-संत, समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी, अधिकारी, समाज सेवी पीएल कोसरिया, राजमहंत दौलत रात्रे, लखन कुर्रे, खोलबहरा निराला, पुनीतराम खूंटे, रामप्रसाद ओगरे, संत लाभों, ऋतु संत, अभय घृतलहरे, गोपाल सत्यवंची, रोशन भास्कर, मोतीलाल रात्रे, मिलापराम निराला, हेमंत मिरी, लिलेश्वर कोसरिया, कुशल रात्रे, अजित महिलांगे, जगदीस बारिक आदि मौजूद रहे।

### 8 से 10 तक विशेष दुर्घटना बीमा शिविर

**पिथौरा।** महासमुंद, बसना, सरायपाली और बागबाहरा डाकघरों में 8 से 10 सितंबर 2025 तक डाक विभाग एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक) द्वारा विशेष दुर्घटना बीमा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नागरिक दुर्घटना बीमा कवर प्राप्त कर पाएंगे।

### तोषण से मिलने पहुंचे छात्र-छात्राएं

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी के बहुत से पूर्व छात्र-छात्राएं शिक्षक दिवस पर उनसे मिलने के लिए उनके घर पहुंचे तथा उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर छात्रा सुधा यादव, राहुल यादव, पूर्णिमा वैष्णव, जागृति सोनी, चारूलता यादव, निधि यादव, खिलेश्वर, वंदना सेन, मनीषा साव, ममता साहू, निधि भोसले, दिव्या मरकाम आदि ने गोस्वामी के साथ स्कूल में बिताए गए ।

## निधन

### रामकुवर जायसवाल



पलारी। चरौदा निवासी रामकुवर जायसवाल 80 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। जिनका अन्तिम संस्कार गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम महानदी में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे बलदेव प्रसाद जायसवाल शिक्षक के माता जी रितुराज जीतुराज व चांदनी जायसवाल के दादी थी।

### केजऊ राम साहू



**पलारी।** ग्राम घिरघोल निवासी केजऊ राम साहू 75 वर्ष का निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें स्नेही जन सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे विश्वनाथ, विशेषर, चम्मन के पिता जी व यशवंत, विजय, गिरधारी, पंकज, टीकम, हिमांशु, के दादा जी थे।

### श्याम बाई साहू



**पलारी।** ग्राम घिरघोल निवासी श्याम बाई साहू का निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भूपेंद्र, हरेंद्र, वेमेंद्र गिरेंद्र के माता, चाणक्य, शोड्स, पप्पू के दादी व महेंद्र (मोनू ) खोमेश के नानी थी।

### नारायण साहू



**पलारी।** ग्राम घिरघोल निवासी नारयण साहू 48 वर्ष का निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें स्नेहिजन सहित सामाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे कोमल, ओमकार के पिता, कुंतराम, मंतराम, लक्षी, लक्ष्मण, शत्रुहन, श्रवण, संतोष, विष्णु, पुनीत, द्वारिका के भाई थे।

## शिक्षक दिवस : 4 हजार रुपए की कड़ाही का एक सेट दो बाल्टियाँ एवं एक आधुनिक चॉपर मशीन भेंट की

# रसोइयों के सम्मान में शिक्षकों ने सामग्री दान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



शिक्षक दिवस केवल गुरुजनों के सम्मान का ही नहीं बल्कि उन सभी व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भी अवसर है जो शिक्षा जगत को अपने-अपने क्षेत्र से मजबूती प्रदान करते हैं। इसी कड़ी में शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिरगी में एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। विद्यालय परिवार ने इस वर्ष शिक्षक दिवस को और भी विशेष बनाते हुए न्योता भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के रसोइयों को सम्मानित कर एक अनोखा संदेश दिया। इस कार्यक्रम की अगुवाई विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक गजपति प्रसाद ध्रुव एवं हेमकुमार देवांगन ने संयुक्त रूप से की। इन तीनों शिक्षकों ने विद्यालय के रसोइयों के लिए उपयोगी सामग्री के रूप में 04 हजार रुपए की कड़ाही का एक सेट दो बाल्टियाँ एवं एक आधुनिक चॉपर मशीन भेंट की। यह उपहार न केवल एक साधारण भेंट थी बल्कि यह उनके कठिन परिश्रम और निस्वार्थ सेवा भाव के प्रति विद्यालय परिवार की गहरी श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक थी।

गौरतलब है कि विद्यालय में कार्यरत रसोइए प्रतिदिन सैकड़ों विद्यार्थियों को स्वच्छ स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराते हैं। मध्यान्ह भोजन योजना का सफल संचालन उन्हीं के अथक प्रयासों से संभव हो पाता है।

यही नहीं इन रसोइयों ने अपनी लगन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए जिला स्तरीय मध्यान्ह भोजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव भी बढ़ाया है। यह उपलब्धि केवल विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रसोइए केवल भोजन बनाने वाले नहीं होते बल्कि वे बच्चों के स्वास्थ्य पोषण और ऊर्जा के संरक्षक होते हैं। उनका योगदान उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना कि शिक्षा देने वाले शिक्षकों का। स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन बच्चों की एकाग्रता पढ़ाई में रुचि और संपूर्ण विकास में अहम भूमिका निभाता है। इस दृष्टि से रसोइए भी शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ की तरह ही महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने संयुक्त रूप से रसोइयों के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी ने माना कि उनकी मेहनत समर्पण और सेवा भावना सराहनीय है। उपहार स्वरूप दी गई सामग्री उनके दैनिक कार्य को अधिक सरल सहज और प्रभावी बनाएगी।

## सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी द्वारा किया गया शिक्षकों का सम्मान



**पलारी।** सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय छेरकापुर में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। अतिथियों के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उपस्थित शिक्षको को शॉल, श्रीफल एवं क़लम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षविद, समाजसेवी व जिला सलाहकार रा.से.यो. संदीप पांडेय रहे,उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव विकास की धुरी शिक्षा से ही संभव है, जिसके लिए हमारे शिक्षक सदैव ही पूज्यनीय रहे है, माता पिता के बाद यदि कोई आपका मार्गदर्शक होता है वह शिक्षक होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलाल साहू ने किया अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक बनना गर्व की बात है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, एक शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से क्रन्तिकारी बदलाव ला सकता है। विशिष्ट अतिथि अभिषेक महोबे ने कहा कि विद्यार्थीयो को शिक्षको का सम्मान केवल दिखावे के लिए नही अपितु अपने अंतःकरण से शिक्षको का सम्मान करना चाहिए। डॉ. कृपाराम ने सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश हुए डालते कहा कि एक दिन में 18 घंटे तक अध्ययन कर विभिन्न विषयों के ज्ञाता रहे है, एक कुशल दार्शनिक, वेदांता एवं राजनीतिकार रहे है, उनका जीवन शिक्षा के लिए समर्पित रहा है। ऐसे महान विभूति भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बनकर देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित किए, जो शिक्षा जगत के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी के संयोजक डॉ.जितेंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार साहू ने आभार प्रकट किया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में व्याख्याता प्रमेन्द्र वर्मा, धनसाय यादव, तरन्नुम खान, संदीप नवरंगे, सरोज साहू, मोहन लाल वर्मा, कौशलकुमार बंजारे, हेमराज हरबंश, वीरेंद्र कुमार साहू, नरेंद्र कुमार साहू, दामिनी वर्मा, आशीष ठाकुर, संतोषी साहू, शोमा जायसवाल, अमित डहरिया व भूमिजा ध्रुव थे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक पुनीत राम साहू, तहसील साहू संघ पलारी के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू, सिद्धेश्वर रक्तदान समिति के सदस्य जीवन लाल साहू एवं मुकेश कुमार साहू के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षक ज्ञान प्रकाश ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित




**लवन।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए बलौदाबाजार के चक्रपाणि हायर सेकेंडरी स्कूल में 6 सितंबर को जिला स्तरीय 'मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार' समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में लवन अंचल के शिक्षक ज्ञान प्रकाश पांडेय, जो शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कोरदा में कार्यरत हैं, को 'ज्ञानदीप' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान शिक्षा में नवाचार और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान के लिए दिया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उन्हें शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 7,000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें छात्र हित में लगातार कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, भारत स्काउट गाइड के उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गूहे सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी, शिक्षक और समाजसेवी मौजूद थे। ज्ञान प्रकाश पांडेय को मिले सम्मान पर शिक्षा जगत से जुड़े उनके साथियों और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी।

## बगबुड़ा में शिक्षकों का सम्मान, पलारी के पांच शिक्षकों को मिला पुरस्कार




**बगबुड़ा।** राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता समापन समारोह एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में स्कूल शिक्षा अंतर्गत बेहतर और नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास में किए जा रहे कार्यों के लिए विकासखंड पलारी से प्राचार्य यू के नागवंशी कोसमंदी, व्याख्याता रमेशचंद खोटे, शिक्षक कविता सरसीहा, प्रधानपाठक बाबूलाल साहू और शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी में पदस्थ शिक्षक कन्हैया साहू का मुख्य अतिथि अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि विजय केसरवानी उपाध्यक्ष स्काउट गाइड, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, पुष्पराज वर्मा संयोजक सोनचंद फाउंडेशन, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे और अन्य गणमान्य अतिथियों ने शाल श्रीफल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया । साथ ही परमेश्वरी फेकर, प्रकाश सेन, अनिल आडिल की शिक्षादूत सम्मान एवं बिहारी लाल पटेल को ज्ञानदीप सम्मान से सम्मानित किया । पलारी विकासखंड के शिक्षकों को सम्मान प्राप्त होने पर बीईओ पलारी एन के वर्मा,एबीईओ सतीश महेश्वरी, बीआरसी जे एल जोशी, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अध्यक्ष पलारी देवेंद्र साहू, विक्रम राय, दिलीप सिंह पैकरा, कृष्ण कुमार फेकर, दिनेश ठाकुर, मनीराम पैकरा, सुनीता साहू, लोचन बांधे और विकासखंड पलारी के शिक्षकों ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया।

## सोनाखान के एकलव्य विद्यालय में पालकों ने किया शिक्षकों का सम्मान



**कसडोल।** महान दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती यानी शिक्षक दिवस के अवसर पर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान में पालकों ने एक अनोखा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया। पालकों और अभिभावकों ने आपस में चंदा इकट्ठा किया और विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं का शाल, श्रीफल, पेन और डायरी भेंट कर सम्मान किया। इस पहल से पालकों ने शिक्षकों के प्रति अपने आदर और सम्मान की भावना को व्यक्त किया, जिससे वे बेहद हर्षित और गौरवान्वित महसूस हुए। इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक और प्राचार्य डी. आर. धृतलहरे ने शिक्षकों और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बेहतर शिक्षा, अनुशासित जीवन और आदर्श छात्र बनने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्राचार्य शंभूनाथ साहू ने भी शिक्षक दिवस की बधाई दी और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम के बाद, विद्यालय परिसर में पालकों की एक बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी पालक समिति को भंग कर एक नई समिति का गठन किया गया।

## पेज 9 के शेष

### भतीजे ने दोस्त के...

उसका दोस्त आकाश निर्मलकर इस हत्याकांड में शामिल थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शिवप्रसाद साहू का स्वभाव गुस्सैल था और वह अक्सर अपने परिवार के साथ मारपीट करता था। इसी बात से नाराज होकर भतीजे डिगेश ने उसकी हत्या की योजना बनाई।

### नहाने गए युवक

आया। जब वह काफी देर तक नजर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने आवाज लगाई। तालाब में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने पानी के अंदर डूबे होने की आशंका जताई, जिसके बाद सबने मिलकर उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी साँसें थम चुकी थीं। कपिल की मौत से परिवार सदमे में है और सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### शिक्षक दिवस पर...

के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति शिक्षा के बल पर भारत के राष्ट्रपति पद तक पहुँचा। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिका रोशनी साहू ने भी शिक्षक दिवस के महत्व पर बात की और बताया कि समाज में एक शिक्षक का क्या स्थान होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में प्रगति का एकमात्र मार्ग है और शिक्षक एक पथप्रदर्शक की तरह होते हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपने शिक्षकों के सम्मान में विचार व्यक्त किए और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। अंत में, शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उन्हें दी गई शिक्षण सामग्री का उचित उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर शिक्षक सुनील कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

### टोली बना के...

सामाजिक संगठन के लोग के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं को मिलना और उन सभी का अभिनंदन करना है।

**ये रहे शामिलः** कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने कियाएवं आभार पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय राव ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला संयोजक डॉ. अजय राव, सुरेन्द्र टिकरिहा, टेसूलाल धुरंधर, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, विजय यादव, पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी, नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अशोक जैन, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा सहित समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मंडल टोली, एवं एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रसिद्ध समाज सेवी एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त जिला कार्यशाला मे जिला बलौदाबाजार भाटापारा के सभी जनप्रतिनिधिगण, जिला भाजपा पदाधिकारीगण, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं सेवा पखवाड़ा टोली के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

### कसडोल के प्रेम ...

उसकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। स्कूल के चेयरमैन ने प्रेम की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि खेल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाते हैं। उन्होंने प्रेम को इन गुणों के प्रदर्शन के लिए सराहा। स्कूल की प्राचार्या लक्ष्मी साहू ने भी प्रेम को बधाई दी और कहा कि उसकी यह सफलता अन्य छात्रों को प्रेरित करेगी। ऑक्सफोर्ड स्कूल परिवार ने प्रेम और उसके माता-पिता, संजय साहू और पद्मा साहू को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## नवीन मार्कंडेय का लवन आगमन पर भव्य स्वागत



**लवन।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री और पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय का गिरौदपुरी धाम जाते समय पहली बार लवन में आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल लवन के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। यह स्वागत जिला महामंत्री विजय यादव और मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कई प्रमुख कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे, जिनमें गिरधारीलाल वर्मा, तोषकुमार यादव, धनेश टंडन, चन्द्रभूषण वर्मा, चुणामणी सिंघम, पंकज अग्रवाल और अन्य शामिल थे।

## हिरण का शिकार करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**पिथौरा।** हिरण का अवैध शिकार करने वाले पांच आरोपियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम गिरना और छिंदौली में एक साथ दबिश दी गई, जिसमें तीन अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को पकड़ा गया। वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 50, 34, 44 और 51 के तहत अपराध क्रमांक 20657/12 दिनांक 06 सितंबर 2025 दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय प्रथम श्रेणी पिथौरा में पेश किया गया। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से चीतल का शिकार कर उसका मांस काटकर आपस में बांट लिया था। तलाशी के दौरान आरोपी भोला खड़िया के घर से हिरण का ताजा मांस, रक्त से सनी चटाई सहित घटनास्थल से करीब 6.500 किलो मांस, 5.250 किलो जीआई तार और बांस की खूंटी बरामद की गई। आरोपियों द्वारा घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित विद्युत खंभे से लंबा जीआई तार खींचकर उसमें करंट प्रवाहित किया गया था। जिसकी चपेट में आने से मादा चीतल की मौत हो गई, इस तरह अवैध शिकार की घटना को अंजाम दिया गया। मृत चीतल को आरोपियों द्वारा आपस में बांटा लिया गया। बताते हैं कि कुछ आरोपी इसके पूर्व भी क्षेत्र में हुए अवैध शिकार में संलिप्त थे। वन मंडलाधिकारी महासमुंद मयंक पांडेय के निर्देश पर संयुक्त वन मंडलाधिकारी पिथौरा यूआर बसंत ने सर्च वारंट जारी किया था। कार्रवाई परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना के नेतृत्व में की गई, जिसमें डिप्टी रेंजर छबिराम साहू, ललित पटेल, राजकुमार साहू सहित कई वनकर्मी शामिल रहे। न्यायालय ने वन विभाग के अनुरोध पर आरोपियों को 09 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजने की अनुमति दी है।

## शिवनाथ नदी में बने बांध, बस्तर और सरगुजा संभाग के अधिकतर बांधों में रिकार्ड जलभराव

# डेढ़ दर्जन बांध हुए लबालब, बस्तर और सरगुजा संभाग में बारिश का जमकर असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चालू मानसून सीजन में 12 बड़े बांधों के अलावा 34 छोटे और मध्यम बांधों में से 18 बांध लबालब हो गए हैं। यह पिछले दो साल के मुकाबले सबसे अधिक है। इस सीजन में एक दर्जन बांध ऐसे हैं, जहां 90 प्रतिशत से अधिक जल भराव हो गया है। वर्तमान में बांधों में 87.21 प्रतिशत जल भराव है। राज्य में अब तक 952 मिमी बारिश हो चुकी है। इतने अधिक बांधों के अलावा कोरिया का झुमका 99, कांकेर का मयाना 98 और कबीरधाम जिले का सुतियापाट बांध 95 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। इतने बांधों के लबालब होने से आने वाले दिनों में जल संकट से निपटने में सहायता मिलेगी।

मिनी माता बांगो बांध में अभी 89 प्रतिशत जलस्तर है। वहीं गंगरेल बांध की स्थिति देखें तो पता चलता है कि अभी 92 प्रतिशत जल भराव था। पिछले दिनों मिनीमाता बांगो बांध में जल स्तर बढ़ने के कारण चार दरवाजे खोल दिए गए थे। अब मिनीमाता बांगो बांध का जल स्तर घटकर 89 प्रतिशत हो गया है। बांध से कुल 23420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा गया था। जलस्तर और आवक कम होने से गेट बंद कर दिए गए हैं। बांध के पानी का औद्योगिक और सिंचाई के लिए उपयोग को देखते हुए जलस्तर को मेंटेंन करने का कार्य सिचाई विभाग के अफसर कर रहे हैं।



### यहां 90 प्रतिशत से अधिक पानी

वहीं प्रदेश के एक दर्जन से अधिक बांधों में जलस्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इनमें मिनीमाता बांगों में 89.37, गंगरेल 90.37, सिकासार 96, कर्रानाला 96 और मयाना में 95 प्रतिशत जल का भराव है। इनमें से कुछ बांध ऐसे है जहां पर कैचमेंट एरिया से पानी आने के कारण नहरों के माध्यम से नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

### ये बांध हुए लबालब

छत्तीसगढ़ में अब तक हुई बारिश से जो बांध लबालब हो गए हैं, उनमें खारंग, मनियारी, कोसारटेडा, परलकोट, घोंघा, खमारपाकुट, बांकी, कुंवरपुर, बेहराखार, खपरी, धारा, रूसे, तांदूला, किनकारी, छीरपानी, मटियामोती, गेज टेंक, बरनई और खरखरा जलाशयों में 100 प्रतिशत जल भराव हो गया है। इन बांधो में से कुछ बांधों में जलस्तर को बनाए रखने नहरों के माध्यम से पानी छोड़े जाने की जानकारी आई है। मानसून सीजन के अब अंतिम दौर में आने पर विभाग जलस्तर को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
05 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
द बंगाल फाइल्स
शो समय - 12:00,6:00 PM
परम सुंदरी
शो समय - 03:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### शराब की अवैध बिक्री, तीन के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि 3 व्यक्ति नवाडीह सिड़गिड़ी जंगल में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को पकड़ा, जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम शेख अलाउद्दीन उर्फ गुड्डा खान पिता शेख बिसरूद्दीन (49 वर्ष), शेख अजीमुद्दीन पिता शेख अलाउद्दीन(24 वर्ष) उमेश कुमार निषाद पिता त्रेतानाथ निषाद (27 वर्ष) सभी निवासी पचेड़ा होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 80 पौवा देशी प्लेन मदिरा, कीमत 6400 रुपए, नगद रकम 1000 रुपए व 3 नग मोबाईल कीमत करीबन 30000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि खोपली निवासी विश्वनाथ विश्वकर्मा 6 सितंबर को सुबह करीब 4 बजे नित्यकर्म (शौच) हेतु अपने घर से बाहर निकला था। इसी दौरान घर के पास एनएच 353 रोड में किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे विश्वनाथ को गंभीर चोटें आई। जिसे डायल 112 वाहन से सीएचसी बागबाहरा इलाज हेतु लाया गया।



**विसर्जन :** ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई

# गणेश चतुर्थी के 11 दिन बाद गणपति बप्पा को नम आंखों से दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

बगबुडा और आस-पास के गांवों जैसे खम्हरिया, धाराशिव, खैन्दा, मुण्डा, कोहरौद, दतान, खैरा और तुरमा में गणेश चतुर्थी के 11 दिन बाद गणपति बप्पा को नम आँखों से विदाई दी गई। इस अवसर पर गणेश विसर्जन का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। विसर्जन से पहले, गणेश जी की प्रतिमाओं को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान, श्रद्धालु नाचते-गाते हुए और गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए गली-मोहल्लों से गुजरे। शोभायात्रा के बाद, सभी प्रतिमाओं को गाँव के नया तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान, बड़ी संख्या में ग्रामीण और भक्त मौजूद थे। विसर्जन के समय कई भक्तों की आँखों में आँसू नजर आए, जो गणपति बप्पा के प्रति उनकी गहरी आस्था को दर्शाते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में सुमन, दौलत राम, कैलाश, कृष्ण, अनिल, थनुन्जय, मुकेश, सुनील और द्वारिका जैसे कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### विघ्नहर्ता गणपति का विसर्जन धूमधाम से हुआ

**खरोरा।** गणपति बप्पा मोर्या ....अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों की गूंज आज हर तरफ से सुनाई दे रही है गणेश चतुर्थी के 10 दिन पूर्व होने के बाद घरों और पंडालों में हवन पूजा के बाद विराजित विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो गया। 11 दिनों के लंबे पर्व पर प्रथम पूज्य की स्तुति, आराधना, पूजन हवन, उपरांत मंगल कामनाओं के साथ उल्लास और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने श्री गणेश को अपने धाम के लिए विदा किया। नगर में जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं को स्थापित किए गए हैं। चारों ओर हर्षोल्लास का माहौल भी है। अब बप्पा का विसर्जन करने का समय आ गया है रविवार को अनंत चतुर्थी पर्व एवं हवन पूजन के साथ नगर में विराजमान प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ हो गया।

### गणपति बप्पा को नाचते-गाते दी गई विदाई

बंगोली। गांव में 11 दिनों तक चली पूजा-अर्चना के बाद शनिवार और रविवार को श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन शीतला तालाब में किया गया। गणेश समिति के सदस्यों ने नाचते-गाते गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ गणपति को नम आँखों से विदाई दी। इस दौरान सभी भक्त भावुक नजर आए।



## धुमाल की धुन पर जमकर नृत्य किया

**खरोरा।** ग्राम पंचायत के ग्राम चंडी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर गणेश विसर्जन का भव्य आयोजन किया गया। बड़े उत्साह और उल्लास के साथ ग्रामवासी गणेश प्रतिमाओं को गढ़वा बाजा, डीजे धुमाल एवं ट्रैक्टर-माजदा की सवारी पर लेकर गांव के तालाब तक पहुंचे। विसर्जन यात्रा के दौरान जगह-जगह गुलाल की फुहारें उड़ाई गईं और युवाओं ने बाजा-धुमाल की धुन पर जमकर नृत्य किया। ग्रामीणों ने प्रसाद वितरण किया और मौसम के आनंद के बीच गली-गली भ्रमण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। युवा संगठन गणेश उत्सव समिति के सदस्य खूबचंद वर्मा ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष समिति के द्वारा आयोजित किया जाता है, जो ग्राम के युवाओं में एकता, समरसता और संगठन का प्रतीक है। समिति न केवल धार्मिक आयोजनों में बल्कि सामाजिक कार्यों जैसे वृक्षारोपण, गौ सेवा तथा सुख-दुख में भी हमेशा अग्रणी रहती है। इस अवसर पर ग्राम वासियों ने एकता और श्रद्धा का परिचय देते हुए संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन में विशेष सहयोग देने वालों में सागर, लोकेश, करण, धनंजय, भोजराम, पंकज, मुकुंद, वरिष्ठ सदस्य वीर सिंह वर्मा, रामखेलावन वर्मा, भगत वर्मा, संतोष वर्मा सहित समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।



### गाजे-बाजे से दी विदाई

**खरोरा।** ग्राम पंचायत परसदा (क) में गणेश उत्सव का समापन हर्षोल्लास और भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ। श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे और भजन-कीर्तन के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन तालाब में किया। इस दौरान, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी भगवान गणेश की विदाई में शामिल हुए। भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ/" के जयकारे लगाए और कामना की कि बप्पा उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं। विदाई के समय सभी की आँखें नम थीं, जो उनकी गहरी आस्था को दर्शा रहा था।



## श्रद्धा व भक्ति के साथ नहरडीह में हुआ गणेश विसर्जन

**खरोरा।** ग्राम नहरडीह में इस वर्ष गणेश महोत्सव का समापन बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव से किया गया। पूरे गाँव में गणेश प्रतिमाओं की शोभा यात्रा एवं विसर्जन कार्यक्रम को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महामाया चौक, गौठान चौक, स्कूल पारा सहित अन्य चौकों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन समारोह पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भक्ति संगीत और, झांझ, मंजीरा, ढोलक, बाजा के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन यात्रा में गाँव के सभी गणेश पंडाल सदस्य व ग्रामीण भाग लिया, और भक्ति भाव से महामाया परिसर से सभी जगह गणेश निकाल कर गाली घुमाते हुए बड़े तालाब तक शोभायात्रा लाया गया। वहाँ सभी गणेश प्रतिमाओं को विधिपूर्वक पूजा अर्चना के साथ गाँव के स्थानीय बड़े तालाब में विसर्जित किया गया। ग्रामीणों ने /"गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ भगवान गणेश को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एकता और श्रद्धा का परिचय देते हुए संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया।



## सुवा प्रतियोगिता ससहा की सुआ पार्टी रही प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

लोक संस्कृति और परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से गोड़ा में एक भव्य सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न सुआ पार्टियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम स्थान कही देबे संदेश सुआ पार्टी, ससहा, द्वितीय स्थान, मां शारदे सुआ पार्टी, कोसमखुटा, तृतीय स्थान लोककला सुआ पार्टी, चऱौटी, चतुर्थ स्थान जगमग दीप जले सुआ पार्टी, चरौदा पंचम स्थान मीठ बोली सुआ पार्टी, छतोंद। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धन्नू साहू ने सभी विजेता और प्रतिभागी दलों को बधाई दी।

■ गोड़ा में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

उन्होंने कहा कि सुआ नृत्य हमारी लोक संस्कृति की पहचान है और ऐसे कार्यक्रम हमारी परंपरा को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी कलाकारों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू, जनपद उपाध्यक्ष मनोज आडील, सरपंच उषा जागेश्वर धीवर सहित कई गणमान्य नागरिक और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## मुड़पार में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

आदर्श ग्राम पंचायत मुड़पार में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर बाल युवा गणेश युवा संगठन और गणेश उत्सव समिति ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के दर्शकों ने हिस्सा लिया और लोक संस्कृति का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश, छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद, गाँव के बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक और आधुनिक छत्तीसगढ़ी गीतों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने सुवा, करमा, ददरिया और बारहमासी जैसे लोक नृत्यों के साथ-साथ देशभक्ति गीतों पर भी प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने पूरे दुर्गा मंच को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया। यह आयोजन कई वर्षों से हो रहा है, जिसने गाँव के कलाकारों को तहसील, जिला और प्रदेश स्तर पर पहचान दिलाई है। इसने छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मूलचंद साहू, दाउ लाल साहू, गुरुजी इतवारी यादव, दिलीप देवदास और भाटा चौक के ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति ने सभी कलाकारों और ग्रामीणों को अनंत चतुर्दशी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



### सिमगा में धूमधाम से मनाई गई ईद मिलादुन्नबी

**सिमगा।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के 1500वें जन्मदिन के अवसर पर सिमगा में ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही धूमधाम और शान-शौकत के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे मुस्लिम समाज के लोग इमाम बाड़ा में एकत्रित हुए, जहां मस्जिद के इमाम ने ध्वजारोहण (परचमकुशाई) की रस्म अदा की। इसके बाद, सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। फिर एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें छोटे बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर नारे-ए-तकबीर के नारे लगा रहे थे, जबकि नौजवान 'नात शरीफ' पढ़ रहे थे। जुलूस के जय स्तंभ चौक पहुंचने पर, नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया ने मुस्लिम समाज के लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी। इस अवसर पर मौलाना सिब्तैन रजा खान ने कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी खुशी का दिन है। उन्होंने पैगंबर साहब के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनके आने से समाज में फैली बुराइयों और अंधविश्वासों का अंत हुआ। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लाम अमन और शांति कायम करने का संदेश देता है।



## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं को दी गई जानकारी




**सिमगा।** समीपस्थ ग्राम पंचायत बिलाड़ी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में महिला एवं बाल विकास विभाग, तिल्दा द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर प्रियंका तिवारी ने कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को स्वच्छता, 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए शादी की कानूनी उम्र 18 साल और लड़कों के लिए 21 साल है। इसके साथ ही, उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मोबाइल फोन के सही इस्तेमाल की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम से पहले, गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। इसके बाद, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षिकाएं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थीं।

# राजस्व मंत्री ने किया महतारी सदन का भूमिपूजन एवं रंगमंच का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को बलौदाबाजार प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया उन्होंने ग्राम पंचायत रवान में 24.70 लाख रुपये की लागत से बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन एवं 8 लाख रुपये से निर्मित रंगमंच का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार निरंतर विकास एवं जनकल्याण के कार्य कर रही है। सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधाओं के साथ ही आधुनिक सुविधाओं क भी विस्तार किया जा रहा है। विकास के लिए सबको मिलकर काम करना होग़ा तभी गांव आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि खेल विभाग का कार्य संभालने के दौरान इंडोर स्टेडियम, एथलेटिक्स ट्रैक का कार्य स्वीकृत हुआ है। उन्होंने बताया कि लगभग 5 करोड़ की लागत से बलौदाबाजार में नालंदा परिसर का निर्माण होग़ा जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को सर्वसुविधायुक्त परिसर मिलेगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी में भी बेहतर कार्य करने का प्रयास होग़ा। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।




हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के अंतर्गत
अर्जुनी एवं आस-पास के क्षेत्रों में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ
ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों
के लिए संपर्क करें
कमलेश रजक 9329157150
संजय रजक 7049753723

online Booking:-www.tripuryatra.com
तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411